# MP BOARD CLASS 10 HM HINDI SPECIAL MODEL PAPER SET 1 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM हिन्दी (विशिष्ट) मोडल पेपर सेट 1 2020

समय :3 घण्टा] [पूर्णांक : 100

निर्देश- (1) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए एक-एक (1x5x5=25) अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 - शब्दों में लिखिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा: 30 शब्द से 75 शब्द है। प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा :75 शब्द से 120 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा : 120 शब्द से 150 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3= 10) दस अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा : 200 शब्द से 250 शब्द है।

(8) प्रत्येक प्रश्न के लिए आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5=5

जायसी किस काव्यधारा के कवि हैं-

(क) रामभक्ति मार्गी, (ख) कृष्णभक्ति मार्गी, (ग) ज्ञानमार्गी, (घ) प्रेममार्गी।

(ii) बैल की बिक्री कहानी का केन्द्रीय चरित्र है-

(क) मोहन, (ख) शिबू, (ग) साहूकार, (घ) मुनीम।

(iii) हवा से भी तेज चलने वाला कौन है ?

(क) तितली, (ख) मन, (ग) मस्तिष्क, (घ) मक्खी ।

(iv) ईश्वर पर विश्वास करने वाले को कहा जाता है-

(क) आस्तिक, (ख) ईश्वरीय, - (ग) सेवक, (घ) नास्तिक।

(1) अद्भुत रस का स्थायी भाव है-

(क) रति, (ख) निर्वेद, (ग) विस्मय, (घ) शोक।

उत्तर-(i) (घ), (ii) (ख), (iii) (ख), (iv) (क), (v)(ग)।

प्रश्न 2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए- 1x5=35

(i) रीतिबद्ध परम्परा के कवि ...... हैं। (बिहारी/केशवदास)

(ii) कहानी सम्राट ....... को कहा जाता है। (मुंशी प्रेमचन्द/जयशंकर प्रसाद)

(iii) युधिष्ठिर की माता का नाम ........... है। (माद्री/कुन्ती)

(iv) संधि .......... प्रकार की होती हैं। (तीन/पाँच)

(v) जिसके प्रति स्थायी भाव उत्पन्न हो वह ........कहलाता है। (उद्दीपन/आलम्बन)

उत्तर-(i) केशवदास, (ii) मुंशी प्रेमचन्द, (iii) कुन्ती, (iv) तीन, (v) आलम्बन ।

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए- 1x5=5

(i) करुण रस का स्थायी भाव शोक है।

(ii) निराला शब्द में व्यंजन संधि है।

(iii) शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत हैं।

(iv) 'विनय पत्रिका' तुलसीदास की रचना है।

(v) महाजन का नाम ज्वालाप्रसाद था।

उत्तर-(i) सत्य, (ii) असत्य, (ii) सत्य, (iv) सत्य, (v) सत्य।

प्रश्न 4. निम्नलिखित का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| | |
|---|---|
| (i) गेहूँ और गुलाब | (क) नागार्जुन |
| (ii) बादल को घिरते देखा है | (ख) रामवृक्ष बेनीपुरी |
| (iii) बेटियाँ पावन दुआएँ हैं | (ग) तत्पुरुष समास |
| (iv) देशभक्ति | (घ) खण्डकाव्य |
| (v) पंचवटी | (ङ) अजहर हाशमी |

उत्तर-(i)→ (ख), (ii)→ (क), (ii)→ (ङ), (iv)→ (ग), (v)→ (घ)।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए- 1x5=5

(i) 'थके हुए कलाकर से' के कृतिकार का नाम लिखिए।

(ii) सच्चरित्र का संधि-विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए।

(iii) स्थायी भावों के उत्पन्न होने के कारणों को क्या कहते हैं ?

(iv) मातृभूमि का मान किसने रखा ?

(v) बिहारी ने अपने काव्य में किस भाषा को अपनाया है ?

उत्तर-(i) धर्मवीर भारती, (ii) सत् + चरित्र, व्यंजन संधि, (iii) आलम्बन,

(iv) वीर सिंह ने, (v) ब्रजभाषा।

प्रश्न 6. स्तुति खण्ड में जायसी ने कितने द्वीपों और भुवनों की चर्चा की है? 2

अथवा

नदियाँ आगे चलकर किस रूप में परिवर्तित हो जाती हैं ?

प्रश्न 7. सखी प्रातःकाल किसके द्वार पर जाती है ? 2

अथवा

मनु को हर्ष मिश्रित झटका-सा क्यों लगा?

प्रश्न 8. व्यक्ति सम्मान के योग्य कब बन जाता है ? 2

अथवा

बसन्त के आगमन पर प्रकृति में कौन-कौन से परिवर्तन होते हैं ?

प्रश्न 9. कवयित्री सुभद्राकुमारी चौहान वीरों के लिए किस तरह के बसन्त का आयोजन करना चाहती हैं ? 2

अथवा

गुण लाख रुपयों में कब बिकता है ?

प्रश्न 10. कवि अज्ञेय के अनुसार काँटे की मर्यादा क्या है ? 2

अथवा

कवि नियति से क्या प्रश्न करते हैं ?

प्रश्न 11. बूढे किसान ने राष्ट्रपति को कौन-सा उपहार दिया ? 2

अथवा

गीता शास्त्र का उपदेशक कौन हैं ?

प्रश्न 12. दो शताब्दी पूर्व किस प्रकार के नाटकों की रचना अनुचित जान पड़ती थी? 2

अथवा

पृथ्वी पर मानव अपने साथ क्या लेकर आया ?

प्रश्न 13. "आपका नाम बाजरा तो नहीं है।" यह कथन किसने किससे पूछा? किससे पूछा 2

अथवा

लोक संस्कृति का जन्म कहाँ हुआ ?

प्रश्न 14. सोन और नर्मदा का जल प्रवाह किन-किन दिशाओं में है ? 2

अथवा

स्वर्ग की नींव का पता किस प्रकार लग सकता है ?

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। 2

(i) उपासना करने वाला, (ii) पूजा करने वाला।

अथवा

निम्नलिखित महावरों का अर्थ लिखकर वाक्य-प्रयोग कीजिए-(कोई दो)

(i) श्री गणेश करना, (ii) गागर में सागर, (ii) दिन-रात एक करना।

प्रश्न 16. वात्सल्य रस की परिभाषा लिखिए। 2

अथवा

गीतिका छन्द की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 17. स्त्री शिक्षा पर निवेदिता के विचार स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

मानव जीवन को सार्थकता कैसे प्राप्त होती है ?

प्रश्न 18. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए- 3

(i) दीपक बाजार जा रहा है। (प्रश्नवाचक)

(ii) गणित का प्रश्न-पत्र कठिन है। (निषेधवाचक)

(iii) गौरव पुस्तक पढ़ता है। (आज्ञावाचक)

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

(i) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ। (ii) राम पुस्तक पढ़ती है। (iii) बाढ़ में कई लोगों के बह जाने की आशा है।

प्रश्न 19. अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा लिखिए तथा एक उदाहरण दीजिए। 3

अथवा

महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई तीन अन्तर लिखिए।

प्रश्न 20. भारतेन्दु युगीन काव्य की चार विशेषताएँ लिखिए। 4

अथवा

छायावाद की दो विशेषताएँ लिखिए तथा दो छायावादी कवियों के नाम एवं उनकी रचना लिखिए।

प्रश्न 21. 'जीवनी' को परिभाषित करते हुए किन्हीं दो जीवनी लेखकों एवं उनकी एक-एक जीवनी का नाम लिखिए। 4

अथवा

नाटक और एकांकी में कोई चार अन्तर लिखिए।

प्रश्न 22. नागार्जुन अथवा रामनरेश त्रिपाठी की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाव पक्ष-कला पक्ष, (iii) साहित्य में स्थान ।

प्रश्न 23. हजारीप्रसाद द्विवेदी अथवा रामनारायण उपाध्याय का साहित्यिक परिचयनिम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली, (ii) साहित्य में स्थान ।

प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए- 4

अविगत-गति कछु कहत न आवै।

ज्यों गूंगे मीठे फल को रस, अंतरगत ही भावै।

परम स्वाद सबही सु निरन्तर, अमित तोष उपजावै।

मन-बानी को अगम अगोचर सो जानै जो पावै।

रूप-रेख-गुन-जात-जुगति-बिनु, निरालम्ब कित धावै।

सब विधि अगम विचारहि तातें, सूर सगुन पद गावै।

अथवा

मान्य योग्य नहि होत कोऊ कोरो पद पाए।

मान्य योग्य नर ते, जे केवल परहित जाए।

बैर फूट ही सों भयो, सब भारत को नास।

तबहुँ न छाड़त याहि सब, बँधे मोह के फाँस॥

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ, प्रसंग सहित लिखिए- 4

आधुनिकता 'संप्रदाय' का विरोध करती है, क्योंकि आधुनिकता गतिशील प्रक्रिया है, 'संप्रदाय' स्थिति संरक्षक। परन्तु परम्परा से आधुनिकता का वैसा विरोध नहीं होता। दोनों ही

गतिशील प्रक्रियाएँ हैं। दोनों में अन्तर केवल यह है कि परम्परा यात्रा के बीच पड़ा हुआ अन्तिम चरण है, जबकि आधुनिकता आगे बढ़ा हुआ गतिशील कदम है।

अथवा

ईश्वर ने उसके स्वच्छंद विचरण के पथ में एक सुविधा और कर रखी थी। घर वालों के साथ उसका वही सम्बन्ध जान पड़ता था, जो खेती के साथ उन बादलों का होता है जिनके दर्शन ही नहीं होते। यदि कभी होते भी हैं तो आए हुए धान्य को सड़ा देने के लिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

अमृत तो प्रत्येक प्राणी के हृदय में समाया हुआ है , जरूरत है तो उसे जानने की। इस काया के अन्दर भरपूर अमृत है। गुरु के शब्द पर विचार करके ही उसे प्राप्त किया जा सकता है। जो प्रभु की खोज करते हैं वह इस अमृत को देह से ही प्राप्त करते हैं लेकिन गुरु के शब्द पर विचार न कर पाने के कारण अज्ञानी जीव व्यर्थ ही नष्ट हो जाता है। इस शरीर के नौ द्वार हैं परन्तु इन नौ द्वारों में से हमें अमृत प्राप्ति नहीं हो सकती क्योंकि वह दसवें द्वार में स्थित है। मनुष्य नौ द्वारों के रहस्य को तो जानता है परन्तु गुरु रूपी दसवें द्वार को भूला हुआ है। गुरु का कार्य उस द्वार को प्रकट करना है। यदि अन्तर में परमपिता परमात्मा से हमें प्रेम है , परन्तु जब तक हमें परमात्मा के दर्शन नहीं होते हम तब तक अमृतपान नहीं कर सकते। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न-(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

(iii) व्यक्ति अमृतपान कब कर सकता है ?

प्रश्न 27. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर अपने मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने शहर के नगरपालिका अधिकारी को आवेदन-पत्र लिखते हुए वार्ड में व्याप्त गंदगी को दूर करने का निवेदन कीजिए।

प्रश्न 28.(अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए- 7

(i) विद्यार्थी और अनुशासन, (ii) विज्ञान की देन, (iii) आतंकवाद, (iv) नारी शिक्षा का महत्व, (v) जनसंख्या वृद्धि।

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए- 3

(i) पुस्तकालय, (ii) कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व, (iii) राष्ट्रीय एकता,

(iv) विद्यालय का वार्षिकोत्सव, (v) राष्ट्रीयता।